## न्यूज ब्रीफ

### हाईवे पर ट्राला पलटा लगा जाम

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** मंगलवार दोपहर मीरगंज गन्ना मील जा रहा गन्ना लदा ट्राला हाइवे के शंखा कट के पास पलटने से यातायात बाधित हों गया ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने रोड से गन्ना हटवाकर यातायात सुचारू कर दिया ।इस दौरान ट्रैक्टर ट्राला चालक रिंकू चोटिल हो गया।

### पशुशाला से किया पशु चुराने का प्रयास

**दुनका, अमृत विचार :** थाना शाही क्षेत्र के गांव गणेशपुर में चोरों ने गणेशपुर स्थित एक पशुशाला की दीवार तोड़कर पशु चोरी का प्रयास किया। हलचल होने पर किसान नईम अहमद जाग गया और उसने चोरों को पकड़ने का प्रयास में उनसे हाथापाई भी की लेकिन अकेला पड़ने से चोर फरार हो गये।

### देवर ने किया रेप, छह पर रिपोर्ट दर्ज

**बहेड़ी, अमृत विचार :** दहेज के लिए प्रताड़ित करते-करते एक महिला के साथ उसके देवर ने रेप भी कर दिया। विरोध करने पर धमकाया, और पति से शिकायत की, तो उसने इस हरकत की अनदेखी कर दी, और उल्टा महिला को कमरे में बंद कर दिया। महिला के इन आरोपों पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मोहल्ला नई बस्ती लाइन पार निवासी महिला ने इस आशय की पुलिस को तहरीर दी है।

### महंत को जबरन उठाने का प्रयास

**भुता, अमृत विचार :** डंपर चालक से खनन वाहन को धीरे चलाना कहना महंत को भारी पड़ गया। डंपर मालिक ने रात में मढ़ी पर कई लोगों के साथ पहुंचकर महंत को जबरन उठाने का प्रयास किया। महंत योगी सरोज नाथ ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच व आरोपी की तलाश कर रही है।

### घर में घुसकर दंपती को लाठी से पीटा

**क्योलडिया अमृत विचार** रंजिश के चलते दबंगो ने घर में घुसकर दंपती को लाठी डंडों से पीट दिया। इससे महिला बुरी तरह घायल हो गई। थाना क्षेत्र के गांव करूआ साहबगंज के मो. अमजद को उनके पड़ोसी दबंग नदीम अकील अहमद आदि ने रंजिश के चलते घर में घुसकर घेर लिया और उनके साथ लाठी से पीट दिया। उन्हें बचाने आई पत्नी को भी दंबगों ने लाठी से पीटा इससे महिला घायल हो गई। दबंग दंपती को जान से मारने की धमकी देकर भाग गये।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**मऊचंदपुर, अमृत विचार :** .आंवला-रामनगर रोड स्थित रेवती मोड़ पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार सिरौली के केसरपुर निवासी अनमोल गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को अस्पताल भिजवाया है।

# वाहन की टक्कर से युवक की मौत

## कार से विवाह समारोह से लौट रहा था परिवार, महिलाओं समेत छह लोग हैं घायल

- घायलों को बरेली के अस्पताल में कराया गया है भर्ती, चल रहा इलाज
- रुद्रपुर से चाचा की कार लेकर तहेरी बहन की शादी में आया था राजकुमार

संवाददाता, शेरगढ़

**अमृत विचार :** विवाह समारोह में शामिल हो कार से वापस लौटते समय कार को डेलपुर गांव के निकट किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें कार के परखच्चे उड़ गए और कार में सवार महिलाओं समेत छह लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। यहां गंभीर रूप से घायल कार चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई।



मृतक राजकुमार

थाना क्षेत्र शेरगढ़ के गांव नगरिया सोबरनी निवासी कन्हई लाल की बेटी अंशु की शादी कस्बा के एक बारात घर में थी। रुद्रपुर से बारात आई थी। जिसमें उत्तराखंड के गांव बरा अजीतपुर निवासी राजकुमार अपने चाचा की कार लेकर तहेरी बहन अंशु के विवाह समारोह में शामिल होने आया था। बारात विदा होने के बाद सभी लौटने लगे। राजकुमार अपनी कार को लेकर गांव नगरिया सोबरनी जा रहा था। बताया जाता है कि गांव डेलपुर के निकट कार को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार माया देवी, पूनम देवी, प्रवेश कुमारी, राजेश कुमार, सलौनी तथा चालक राजकुमार घायल हो गए। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को पीएचसी भिजवाया। गंभीर रूप से घायल राजकुमार समेत कुछ लोगों को बरेली भेजा गया। यहां राजकुमार (20) की मौत हो गई जबकि अन्य का शहर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

घटना से परिवार में कोहराम मचा है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि मृतक के शव को पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। पुलिस अज्ञात वाहन की सरगर्मी से तलाश में जुटी है।

### हाईवे पर देर रात अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराई, एक की मौत और दूसरा घायल

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** सोमवार देर रात अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराने पर बाइक सवार दो युवक घायल हो गये। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया जहां एक युवक की मंगलवार को मौत हो गई। थाना इज्जत नगर के रामलीला गोटिया निवासी कुनाल और उसका साथी संजू सोमवार देर रात बाइक से मीरगंज दावत में जा रहे थे। चिटोली अंडरपास पहुंचकर बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई ।हादसे में दोनों गंभीर घायल हो गये। पुलिस ने दोनो को निजी अस्पताल भेज दिया। जहां इलाज के दौरान मंगलवार को कुनाल की मौत हो गयी। संजू की हालत नाजुक बनी हुई है।

### ट्रेन से उतरते समय पटरी पर गिरकर मौत

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** शाहजहांपुर के कटरा थाना क्षेत्र के लाईखेड़ा निवासी जिलानी की बिलपुर क्रॉसिंग के आउटर पर मंगलवार तड़के ट्रेन हादसे में मौत हो गई। वह बेटे की शादी की तैयारी में जुटे थे। जिलानी की असमय मौत से परिवार बेहाल है। जिलानी मंगलवार सुबह शाहजहांपुर से ट्रेन द्वारा अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही ट्रेन उनके गांव के पास धीमी हुई, उन्होंने उतरने का प्रयास किया। इसी दौरान संतुलन बिगड़ गया और वह अनियंत्रित होकर ट्रेन की चपेट में आ गए। परिजनों ने बताया कि 31 मार्च को जिलानी के बेटे की शादी तय थी। शादी की तैयारियों को लेकर वह काफी उत्साहित थे और इसी सिलसिले में शाहजहांपुर गए हुए थे। बताया जा रहा है कि उनकी ससुराल भी शाहजहांपुर में है।

## एकजुटता ही हिंदू समाज की मजबूती

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नगर के श्रीकृष्णा इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सनातन संस्कृति, हिंदू एकता और सामाजिक चेतना पर विचार रखे।

सम्मेलन के मुख्य वक्ता क्षेत्रीय अधिकारी श्रीकृष्ण चंद्र, ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष की 100 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डाला। महामंडलेश्वर 1008 शिवानंद महाराज ने हिंदू समाज को एकजुट रहने का आह्वान किया। वहीं मातृशक्ति के रूप में सुमन गुप्ता ने पंच परिवर्तन विषय पर सामाजिक जागरूकता और परिवर्तन की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर जीएलएस इंटर कॉलेज, सरस्वती शिशु मंदिर और विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। सम्मेलन में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. ए.के. गंगवार, पालिका अध्यक्ष पति नीरेंद्र सिंह राठौर, लेखराज गंगवार, नत्थू लाल गुप्ता, विशाल गंगवार, सुरेश चंद्र शुक्ला, आदि रहे।

# उचक्के ने पेंटर की जेब से 40 हजार रुपये उड़ाये

- चलती ई रिक्शा से कूदा, बाइक लेकर तैयार साथी के साथ फरार

संवाददाता, फरीदपुर,

**अमृत विचार :** मकान बनाने के लिए बैंक से पैसे निकाल कर ई रिक्शा से जा रहे पेंटर की जेब काटकर उच्चके ने 40 हजार रूपए उड़ा दिए और पहले से तैयार खड़ी साथी की बाइक से फरीदपुर की तरफ को फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस उचक्के की तलाश में आस पास के लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस का मानना है जल्दी दोनों आरोपी पकड़े जाएंगे।

थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र के गांव नवादिया निवासी राजपाल के अनुसार वह पेंटर का काम कर परिवार पालता है। उसका बचत खाता जिला सहकारी बैंक में है। राजपाल मंगलवार को मकान बनवाने के लिए 40 हजार रुपये अपने अकाउंट से निकाल कर ई रिक्शा से जा रहे थे। स्टेट बैंक के पास से उचक्के उसी रिक्शे पर बैठे। रिक्शा जैसे ही मानस स्थली आवासीय विद्यालय के पास पहुंचा तभी एक युवक ई रिक्शा से कूद कर पहले से तैयार खड़ी बाइक पर साथी के साथ बैठकर फरार हो गया। राजपाल कुछ समझ पाए दोनों आरोपी फरीदपुर की तरफ फरार हो गये। जब राजपाल ने अपनी जेब का ध्यान दिया तो उसके होश उड़ गए। इस किसी ने पुलिस को लूट की सूचना दे दी जिससे पुलिस में हड़कंप मच गया। आनन फानन में पहुंचे पुलिस कर्मियों ने राजपाल से पूछताछ की। तब पता चला किसी अज्ञात उचक्का उनकी जेब काटकर 40 हजार रुपये निकाल कर फरार हो गया। राजपाल ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस आरोपियों को तलाश कर रही है।



घटना की जानकारी देते राजपाल।

# गन्ना भुगतान को लेकर सीएम से मिले विधायक

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गन्ना किसानों की समस्याओं को लेकर विधायक डॉ. एमपी आर्य ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके कार्यालय में भेंट की। उन्होंने ओसवाल और बरखेड़ा स्थित बजाज चीनी मिलों पर किसानों के करोड़ों रुपये के बकाए भुगतान का मुद्दा उठाते हुए शीघ्र भुगतान कराने की मांग की।

विधायक ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि लंबे समय से गन्ना भुगतान लंबित होने के कारण क्षेत्र के किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री को एक पत्र सौंपते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की, जिस पर मुख्यमंत्री ने आवश्यक कदम उठाने का भरोसा दिलाया।

विधायक ने क्योलडिया डैम क्षेत्र में अप्सरा नदी पर बने पुलों की जर्जर स्थिति भी मुख्यमंत्री को बताई। कहा कि अधकटा रव्वानी बेगम और दलेलनगर के बीच बना पुल पुराना और जर्जर हो चुका है। सड़क चौड़ीकरण के बाद पुल संकरा होने से हुई दुर्घटनाओं में लोगों की जान भी जा चुकी है। विधायक ने यहां नए पुल के निर्माण को जरूरी बताया है। जनता की समस्या के हल और विकास कार्य के प्रति मुख्यमंत्री ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कैंट विधायक संजीव अग्रवाल भी मौजूद रहे।



ओसवाल चीनी मिल के गन्ना भुगतान की मुख्यमंत्री से वार्ता करते विधायक डा. एमपी आर्या साथ में है कैंट विधायक ● अमृत विचार

### महाराज सिंह ने विधान परिषद में उठाई नकटिया नदी पर नए सेतु की मांग

**फरीदपुर, अमृत विचार :** फरीदपुर विधानसभा के ग्राम रूरिया खनपुरा के पास नकटिया नदी पर बना 70 साल पुराना पुल अब जर्जर हाल में पहुंच गया है। यहां कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इस मामले को मंगलवार को एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने विधान परिषद में उठाया और नदी पर नये पुल की आवश्यकता बताई। उन्होंने बताया कि यह पुल सिर्फ एक रास्ता नहीं, बल्कि आसपास के करीब दर्जनों गांवों की रास्ता है। किसान इसी मार्ग से अपनी गन्ने की फसल चीनी मिल तक पहुंचाते हैं। गांवों का आवागमन, बच्चों का स्कूल जाना, मरीजों का इलाज के लिए तहसील मुख्यालय पहुंचना, सब कुछ इसी पुल पर निर्भर है। फरीदपुर तहसील मुख्यालय से इन गांवों को जोड़ने वाला यह प्रमुख संपर्क मार्ग है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल की हालत देखकर हर बार गुजरते समय डर लगा रहता है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है। कई बार भारी वाहनों के निकलने पर पुल हिलता महसूस होता है, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। विधान परिषद में इस मुद्दे को उठाते हुए कुंवर महाराज सिंह ने कहा कि जनहित में नकटिया नदी पर नए सेतु का शीघ्र निर्माण बेहद जरूरी है।



## पालिका कार्यालय में पीएम आवास की सूची चस्पा

**नवाबगंज, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर क्षेत्र में चयनित 485 लाभार्थियों की सूची को सार्वजनिक न किए जाने से कस्बे में लंबे समय से सवाल उठ रहे थे। सूची को गोपनीय रखने को लेकर तरह-तरह की चर्चाओं के बीच आखिरकार जिलाधिकारी के हस्तक्षेप के बाद मंगलवार को नगर पालिका प्रशासन हरकत में आया और उसने लाभार्थियों की सूची को सार्वजनिक कर उसे नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी से प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी का मामला उठाया गया था। शिकायतकर्ताओं ने नगर पालिका परिषद पर आरोप लगाया था कि जानबूझकर लाभार्थियों की सूची को सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए परिषद के अधिशासी अधिकारी को सूची तत्काल सार्वजनिक करने और पूरे मामले की जांच कराने के निर्देश दिए थे। मंगलवार देर शाम नगर पालिका कार्यालय परिसर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों की सूची चस्पा कर दी गई।

बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना में पात्रों की जगह कथित तौर पर कई अपात्रों को लाभ दिए जाने की चर्चा है। मामले को लेकर सोशल मीडिया पर भी आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा है। वहीं कुछ सभासद आरोपों से खुद को बचाने के लिए लाभार्थियों के साथ वीडियो बनाकर फेसबुक और यूट्यूब पर साझा कर रहे हैं।

## नाबालिग लड़की को भगा ले जाने का आरोप, रिपोर्ट

**बहेड़ी, अमृत विचार :** फरीदपुर टाउन एरिया के मोहल्ला ठाकुद्वारा के एक शख्स ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी 16साल की बेटी को ज़िला पीलीभीत के थाना न्यूरिया के गांव जनकपुरी ताराचंद का बेटा धर्मवीर बहला फुसला कर भगा ले गया। उसका कहना है कि जब लड़के के घर वालों से शिकायत की गई, तो उन्होंने गंदी गन्दी गालियां दीं।

लड़की के पिता का कहना है कि उसने लड़की को वापस करने को कहा तो उन्होंने तलाश करने की बात कही, लेकिन वह लोग लड़की वापस नहीं कर रहे। लड़की के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने का प्रयास शुरु कर दिया है।

## न्यूज डायरी

### छात्र-छात्राओं ने पीलीभीत में आयुर्वेदिक कॉलेज का किया भ्रमण




**रिठौरा, अमृत विचार :** डी.फार्मा के छात्र-छात्राओं ने ललित हरि राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज, पीलीभीत का वनौषधि भ्रमण किया। इसमें कॉलेज प्राचार्य डॉ0 हरि शंकर मिश्रा ने विद्यार्थियों को औषधीय पौधे की वास्तविक पहचान एवं उनके औषधीय महत्व से अवगत कराया। इस भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने कॉलेज के हर्बल गार्डन का अवलोकन किया। कॉलेज प्राचार्य नें विभिन्न औषधीय पौधों जैसे- अश्वगंधा, तुलसी, शतावरी, आंवला, एलोवेरा आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वहां के विशेषज्ञों द्वारा प्रत्येक पौधे के वानस्पतिक नाम, उपयोग, औषधीय गुण तथा आयुर्वेद में उनके महत्व के बारे में समझाया तथा भविष्य में फार्मेसी क्षेत्र में हर्बल दवाइयों के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों ने इस शैक्षिक भ्रमण को ज्ञान वर्धक बताया। भ्रमण के दौरान राजश्री कालेज के डीन एकेडमिक प्रो0 साकेत अग्रवाल, दुष्यन्त माहेश्वरी, प्राचार्या डॉ0 सुचेता, वैशाली भारद्वाज, रजनी गंगवार, अफसर अली, हृदयकान्त अवस्थी, शुभम सक्सेना, प्रभात दीक्षित, हिमांशी, रविन्द्र गंगवार एवं अर्पित देवल आदि रहे।

### आरती मिस और अरुण मिस्टर फेयरवेल बने




**नवाबगंज, अमृत विचार :** एसएसटी इंटर कॉलेज में मंगलवार को जूनियर छात्रों ने सीनियर साथियों के सम्मान में विदाई समारोह किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। समारोह के दौरान छात्रा आरती को मिस फेयरवेल तथा छात्र अरुण को मिस्टर फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया। विद्यालय के प्रबंधक टी.आर. गंगवार ने दोनों विद्यार्थियों को ताज पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार गंगवार सहित कमलेश कुमार, चुन्नी लाल, फूला, निजामत, नवल, अर्पित आदि शिक्षक व स्टाफ मौजूद रहे।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 82 रोगियों का हुआ परीक्षण

**रिठौरा, अमृत विचार :** रूहेलखंड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल द्वारा संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रिठौरा में मंगलवार को डॉ रश्मि कत्याल के नेतृत्व में डॉ गौरी सारस्वत, डॉ हसन जैदी, डॉ अनिकेत शुक्ला, डॉ सैजनी यादव द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्त्री रोग, त्वचा रोग, दंत रोग के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने 82 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाएं दीं। इस दौरान डॉ त्रिपती गुप्ता, डॉ मुस्कान, डॉ माधुरी, डॉ दीपा, डॉ सुनैना, डॉ कीर्ति रस्तोगी, डॉ राज, डॉ श्रेष्ठा, डॉ ऋषभ, डॉ नासिर, डॉ मोहित एवं कासिम हुसैन, कुलदीप गंगवार, पूजा शर्मा, अनिल कुमार, अरमान अली, रामबहादुर दीपमाला सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।



## मिट्टी डालने से रास्ते में भरा पानी

**गुलड़िया, अमृत विचार :** सिरौली थाना क्षेत्र के गांव मोरसिंह गोटिया में एक व्यक्ति ने रोड पर मिट्टी डालकर रास्ता बंद कर दिया। इससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मिट्टी डालने से रोड पर पानी भर रहा है।

वहां पर जल भराव होने से ग्रामीण परेशान होने लगे है जब मिट्टी हटाने को कहा तो वह दबंगई दिखाने लगा। परेशान ग्रामीणों ने मंगलवार को एसडीएम आंवला से शिकायत कर मिट्टी हटवा कर रास्ता साफ करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है।

## वोट बनवाने को खड़े रहे मतदाता

**फरीदपुर, अमृत विचार :** मतदाता सूची की जांच प्रक्रिया ने तहसील सभागार को लोगों से भर दिया। एसआईआर फार्म भरने के दौरान जिन मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में नहीं मिले थे, नोटिस मिलने के बाद जिन लोगों ने समय रहते जवाब नहीं दिया और वर्ष 2003 की मतदाता सूची से जुड़ा कोई प्रमाण भी प्रस्तुत नहीं कर पाए, । गांव देहात से आए महिला और पुरुष मतदाता सभागार में पहुंचे। हाथ में आधार कार्ड, तो कोई पुराने राशन कार्ड और पहचान से जुड़े कागजात संभाले हुए दिखा। लंबी कतारों में खड़े लोग यह जानने को बेचैन थे कि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो पाएगा या नहीं।

# त्योहार में कोई व्यक्ति नई परंपरा नहीं डालें



देवरनियां में पीस कमेटी की बैठक में शामिल लोग। ● अमृत विचार

**देवरनियां, अमृत विचार :** कोतवाली देवरनियां परिसर में होली व रमजान के त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें कोतवाली प्रभारी उपनिरीक्षक आशुतोष द्विवेदी व एस एस आई नवदीप सिंह ने महाशिवरात्रि होली और रमजान का त्योहार आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाये जाने की अपील की कहा सभी त्योहार शांतिपूर्वक भाईचारे के साथ निभाएं और किसी भी प्रकार की नई परंपरा नहीं डालें। कोई समस्या आने पर पुलिस को सूचित करें ताकि उसका समाधान किया जा सके। इस मौके पर जितेन्द्र सिंह, मनोज कुमार, हेड कांस्टेबल इन्तखाव हुसैन, सुनील कुमार देवेश कुमार, ढाकन लाल, रंजित पन्डित, सन्तोष कुमार गंगवार, नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद कलीम अन्सारी, इकरार अहमद, धर्मेन्द्र कुमार मौर्य, हरीश पाली, दीपेन्द्र कुमार गुप्ता, रामस्वरूप गंगवार आदि रहे।

### क्षेत्र में अमन-चैन बनाए रखें

**अलीगंज, अमृत विचार :** थाना परिसर में आयोजित पीस कमेटी की मीटिंग में थाना प्रभारी जगत सिंह ने दोनों समुदायों के लोगों से महाशिवरात्रि, रमजान माह एवं ईद उल फितर के त्योहार पर क्षेत्र में अमन चैन कायम रखने में पुलिस के सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कहीं किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। दोनों समुदाय के लोग अपने-अपने त्यौहार आपसी भाईचारे के साथ मिलजुलकर मनाएं। मीटिंग में ग्राम प्रधान शाकिर खान, मतलूव अली, मेहदी हसन, शिवम, वेद प्रकाश लोधी विपिन कुमार, सुजेद्र सिंह, राजेश गुप्ता, शिवम गुप्ता, मनोज कुमार, बद्री प्रसाद आदि मौजूद रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा। TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
डॉ. दीपक माहेश्वरी MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
प्रेमलोक हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो.9457833777

## न्यूज ब्रीफ

### त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव श्रद्धा के साथ संपन्न

**आंवला अमृत विचार :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, आंवला द्वारा मंगलवार को 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती एवं महाशिवरात्रि महोत्सव श्रद्धा, शांति और आध्यात्मिक भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी नीता बहन ने शिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के दिव्य मिलन का स्मरण दिवस है। कार्यक्रम में आंवला सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी दीपा बहन एवं सरिता बहन द्वारा स्थानीय मंदिरों के पुजारियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में पुरैना मंदिर के महंत भूरे बाबा, गोपाल धाम मंदिर के महंत अरुण शर्मा, लक्ष्मी नारायण मंदिर कटरा आंवला के महंत राकेश चंद्र शर्मा, आंवला तहसील प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हेमंत तथा शिव मंदिर त्रिपोलिया गंज के महंत सुधीर उपाध्याय शामिल रहे।। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी नेहा बहन ने किया।

### नशा उन्मूलन पहल प्रगति पर भाषण में आर्यन प्रथम

**मीरगंज, अमृत विचार :** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कालेज में नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत नशा उन्मूलन पहल प्रगति का विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर्स रेंजर, राष्ट्रीय कैडेट कोर के समस्त छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार क्रमश : आर्यन, नेहा व अनुज कुमार ने प्राप्त किया। प्राचार्य प्रो शिव कुमार सिंह ने ड्रग मुक्त भारत के सपने को साकार करने में एनएमबीए के कार्यान्वयन के प्रति समस्त छात्र छात्राओं को जागरूक किया ।इस दौरान डॉ मनोज शर्मा, डॉ संदीप तिवारी, वीरेंद्र शर्मा डॉ विजेंद्र प्रधान डॉ सचिन, डॉ फैज आदि महाविद्यालय के प्राध्यापक उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन रत्नाकर दुबे ने किया।

# रिश्वतखोरी से जेल तक, फिर से वही कुर्सी, सिस्टम पर उठे सवाल

- म्युडी खुर्द कला प्राथमिक विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापिका का मामला
- प्रधान ने डीएम से की शिकायत,
- प्रधानाध्यापिका के रहने तक नहीं बनेगा मिड डे मील
- किसी अन्य विद्यालय में किया जाए स्थानांतरण

संवाददाता, बिथरीचैनपुर

**अमृत विचार:** भ्रष्टाचार के आरोप में जेल जा चुकी प्रधानाध्यापिका को उसी स्कूल में दोबारा तैनाती ने पूरे सिस्टम पर सवाल खड़ा कर दिया है। जिस अफसरशाही को ऐसे मामलों में सख्ती दिखानी चाहिए थी, वही आंख मूंदे बैठी नजर आ रही है। नतीजा यह है कि प्रधानाध्यापिका की वापसी के साथ ही गांव में आक्रोश फूट पड़ा है और ग्राम प्रधान बबली देवी ने सिस्टम को खुली चुनौती दे दी है। उन्होंने खुला ऐलान कर दिया है कि जब तक सरिता वर्मा प्रधानाध्यापक के पद पर रहेंगी, वह मिड डे मील (एमडीएम) नहीं बनवाएंगी। प्रधान ने डीएम को भी शिकायती पत्र भेजा है। जिसमें कहा गया है कि अगर विभाग को ही भ्रष्टाचार में लिप्त प्रधानाध्यापक से काम कराना है, तो फिर एमडीएम की जिम्मेदारी भी खुद उठाए।

यह मामला कोई पुराना या संदिग्ध नहीं, बल्कि रंगे हाथों पकड़े जाने का है। सितंबर में ठेकेदार राजकुमार की शिकायत पर एंटी करप्शन टीम ने बिथरी ब्लाक के म्युडी खुर्द कला प्राथमिक विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापिका सरिता वर्मा को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था। आरोप था कि स्कूल में कराए गए निर्माण कार्य का भुगतान करने के बदले और स्कूल का निरीक्षण करने वाले अफसरों के नाम पर रिश्वत मांगी जा रही थी। गिरफ्तारी के बाद विभाग ने निलंबन की औपचारिकता निभाई, लेकिन पिछले महीने जेल से बाहर आते ही बहाली और उसी स्कूल में तैनाती कर दी गई।

इसके बाद प्रधानाध्यापिका को फिर से उसी स्कूल में तैनाती से प्रधान से लेकर पंचायत स्तर तक के लोग इस फैसले पर सवाल उठाते हुए शिक्षा विभाग की सख्ती के बजाय ''रिश्वत लेने वाले अधिकारी को संरक्षण'' देने की चिंता जता जा रहे हैं।

> मामला कोर्ट में लंबित है। प्रधानाध्यापिका सरिता वर्मा पर अभी कोई आरोप सिद्ध नहीं हुआ है। इसलिए दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई है। बहाली मानव संपदा पोर्टल से होती है, वह जेल से बाहर आने के बाद नियमानुसार की गई है। जांच पूरी होने के बाद कार्रवाई को लेकर फाइनल निर्णय लिया जाएगा। - डा. विनीता, बीएसए

### नो पार्किंग में खड़े 50 वाहनों के काटे चालान

**रिठौरा।** बरेली -पीलीभीत हाईवे किनारे लगातार बढ़ते अतिक्रमण के खिलाफ पुलिस प्रशासन सख्ती बरत रहा है। पुलिस ने पहले दुकानदारों को नगर पंचायत की पटरी के पीछे हटवाया। नगर में लगने वाली साप्ताहिक बाजार के दिन मंगलवार को चौकी प्रभारी वैभव गुप्ता, एस आई दिनेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से नो-पार्किंग जोन में खड़ी 50 दुपहिया वाहनों के चालान काटे। जिससे वाहन चालकों में खलबली मच गई।

# मुआवजा देने से मुकरी टोल कंपनी, थाने पर हंगामा

## दुर्घटना बीमा मिलने तक कंपनी हर माह परिजन को देगी 15 हजार

- अफसरों की मध्यस्थता से हुए समझौते के बाद मृतक का किया अंतिम संस्कार

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

**अमृत विचार :** हाइवे पर सोमवार को अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से टोल कर्मी ट्रैक्टर चालक की मौत के मामले में टोल कंपनी के द्वारा मृतक के परिजनों को सहयोग नहीं करने पर परिजन ने मुआवजे की मांग को लेकर थाने के बाहर प्रदर्शन किया। हंगामे की सूचना पर पहुंचे एसडीएम और सीओ ने कंपनी के मैनेजर को बुलाकर दोनो में सुलह कराकर मामला शांत कराया तब मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। सोमवार को सड़क हादसे में टोल कर्मी ट्रैक्टर चालक गांव खिरका जगतपुर निवासी परमानंद गंगवार की डिवाइडर के पौधों पर पानी देते समय कंटेनर की टक्कर के बाद कुचलकर मौत हो गई थीं। मंगलवार को ग्रामीणों के सहयोग से परिजनों ने टोल पर पहुंचकर मुआवजे की मांग की तो टोल अधिकारियों ने मृतक ठेकेदार का मजदूर होने का हवाला देकर मुआवजा देने से इनकार कर दिया। जिस पर परिजन दर्जनों ग्रामीणों के साथ थाना पहुंच गए।


परिजनों के साथ ग्रामीणों ने थाने में किया हंगामा। ● अमृत विचार

थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह पहले उनको समझाया लेकिन जब ग्रामीण शांत नहीं हुए तब एसडीएम आलोक कुमार और सीओ शिवम आशुतोष सिंह पहुंचे। अफसरों ने दोपहर टोल कंपनी के मैनेजर दीपक कुमार को बुलाकर एक्सीडेंटल क्लेम नहीं मिलने तक 15 हजार रुपये महीने की सहयोग राशि देने की शर्त पर समझौता कराकर ग्रामीण शांत कर दिये। साथ ही अंतिम संस्कार और दसवां संस्कार के लिए धनराशि दिलवाई। शाम को पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में गांव में मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। परमानंद अपने पीछे पत्नी जमुना देवी ,दो बेटी वंदना,मनु और एक बेटे आनंद को छोड़ गये है।

## साइबर ठगी का शिकार हुआ छात्र खाते से 25 हजार रुपये निकले

**नवाबगंज, अमृत विचार:** कस्बे में एक छात्र के बैंक खाते से साइबर अपराधियों द्वारा 25 हजार रुपये निकाल लेने का मामला सामने आया है। खाते से रकम निकलने की जानकारी मोबाइल पर संदेश के जरिए मिलते ही पीड़ित परिवार में अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित पक्ष ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम पोर्टल पर दर्ज कराई है। इस्लामनगर बस्ती निवासी मो. फैजान का यूनियन बैंक में खाता है। बताया गया कि 8 फरवरी की शाम उसके मोबाइल पर खाते से 10 हजार रुपये निकाले जाने का संदेश आया। कुछ ही पलों में 10 हजार रुपये का दूसरा और फिर 5 हजार रुपये निकाले जाने का संदेश प्राप्त हुआ। इस तरह कुल 25 हजार रुपये खाते से निकल गए। घटना की जानकारी मिलते ही छात्र के पिता पूर्व सभासद मो. हसन अंसारी ने तत्काल ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। सोमवार को पीड़ित पक्ष ने बैंक पहुंचकर शाखा प्रबंधक को पूरे मामले से अवगत कराया, साथ ही कोतवाली में भी घटना की सूचना दी गई है। पुलिस और साइबर सेल मामले की जांच में जुट गई है।

# बच्चों को खिलाई कृमिनाशक की गोलियां


विद्यालय में एक छात्र को कृमिनाशक की दवा खिलाते हुए।


शेरगढ़ में बच्चों को कृमि नाशक दवा खिलाते शिक्षक।

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अंतर्गत मंगलवार को स्कूल में बच्चों को कृमिनाशक की गोलियां खिलाई गईं।राजकीय हाई स्कूल बल्लिया, दिव्य कृपाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, एवं संविलियन विद्यालय हल्दी खुर्द में आयोजित कार्यक्रमों में सीएचसी से ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर पुनीत सक्सेना, किशोर स्वास्थ्य काउंसलर अवधेश शर्मा तथा सीकेडी सी सी से प्रियांशु शर्मा की सक्रिय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को कृमिनाशक दवा का सेवन कराया गया तथा उन्हें पेट के कीड़ों से होने वाले दुष्प्रभावों, एनीमिया की रोकथाम और स्वच्छता एवं पोषण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

### ब्लाक के 1.10 लाख बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य

**शेरगढ़,अमृत विचार :** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर मंगलवार को स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बड़ी संख्या में बच्चों को कृमि नाशक दवा खिलाई गई। इस दौरान 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि नाशक दवा खिलाई गई। चिकित्सा अधीक्षक डॉ गजेंद्र सिंह ने बताया कि ब्लाक क्षेत्र में 1 लाख 18 हजार बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। 10 फरवरी को दवा के सेवन से छूटे बच्चों को 13 फरवरी को मॉप-अप दिवस पर दवा खिलाई जाएगी। इस दौरान स्वच्छता के आयामों पर प्रकाश डालते हुए साफ-सफाई के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सरल कुमार त्रिवेदी,डॉ कल्याण राय श्रीवास्तव,राजीव शर्मा,लईक अहमद,राम सिंह,राजीव सिंह,मीनाक्षी तिक्खा,गीता शर्मा,सुमन यादव,मनीष सक्सेना,रजनीश गंगवार, संजीव गंगवार,रिंकी त्रिवेदी, राजेश्वरी,देवेश गंगवार,उवैस खान,इरफान खान,इम्तियाज अहमद आदि का विशेष सहयोग रहा।

### कृमि दिवस पर विद्यालय में बच्चों को दवा खिलाई

**सेंथल,अमृत विचार :** सेंथल में प्राथमिक विद्यालय द्वितीय में बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को पेट के कीड़ों से सुरक्षित रखना और उनके स्वास्थ्य को बेहतर बनाना रहा। विद्यालय में छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। प्रधान अध्यापिका शीरी फातमा जैदी ने बच्चों को साफ-सफाई अपनाने, हाथ धोने और पौष्टिक भोजन करने के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम में नाजनीन जैदी सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# छात्रों ने लिया सड़क सुरक्षा का संकल्प

- महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण व जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं आम जनमानस को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा यातायात नियमों के पालन के महत्व को समझाया गया। इस दौरान सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई। इसके बाद डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लेते हुए रैली निकाली गई।

रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने हाथों में पोस्टर, बैनर लेकर सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, हेलमेट पहनें, जीवन बचाएं, नियमों का पालन, सुरक्षित कल जैसे नारों के माध्यम से आम लोगों को संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि तेज गति, हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग न करना तथा यातायात नियमों की अनदेखी सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण हैं। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा संयोजक डॉ. मोहम्मद आतिफ खान, बी. के. पद्मान, वीरेन्द्र शर्मा सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### जीवन रक्षा के लिए छात्रों ने निकाली रैली

अनुबिस डिग्री कॉलेज में एक दिवसीय शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र इकाई द्वारा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के लिए रैली निकाली गई। छात्रों ने नारों के द्वारा तथा स्लोग्नों के द्वारा जन मानस को जागरूक किया। जिससे लोगों को दुर्घटनाओं से बचाया जा सके। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नागेश्वर प्रसाद शुक्ल ने छात्रों के उत्साह की सराहना की। कार्यकम अधिकारी ताराचन्द के निर्देशन में रैली का आयोजन हुआ। जिसमें छात्रों ने बढ़ चढ़ कर उत्साह के साथ भाग लिया।

# बालिका में नवाबगंज बालक में आलमपुर प्रथम


ऊंची कूद में दमखम दिखताता खिलाड़ी। ● अमृत विचार


खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ के दौरान सीडीओ देवयानी व बीएसए डा. विनीता।

- बालक और बालिका वर्ग की प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया शानदार खेल।
- कार्यक्रम का शुभारंभ सीडीओ देवयानी और बीएसए डॉ. विनीता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग की जनपद स्तरीय 40 वीं खेलकूद दो दिवसीय प्रतियोगिता का शुभांरभ मंगलवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ। प्रतियोगिता में प्राथमिक और जूनियर वर्ग के ब्लॉक स्तर पर विजयी प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी देवयानी और बीएसए डॉ. विनीता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मुख्य विकास अधिकारी देवयानी ने खेल के संबंध में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को एकता और निष्पक्षता की शपथ दिलाई। बालक बालिकाओं को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बीएसए डॉ. विनीता ने बताया कि सभी छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता में उत्साह के साथ भाग लेते हुए प्रतियोगिता में विजेता बनने का लक्ष्य रखना चाहिए। खेलकूद प्रतियोगिता में मीरगंज के खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार, आलमपुर के सतीश वर्मा, नगर क्षेत्र के तौसीफ, क्यारा के पूरन सिंह, एसआरजी अनिल चौबे, जिला व्यायाम शिक्षक मुकेश कुमार, भानु प्रताप सिंह, केसी पटेल, प्रियंका शुक्ला, प्रवेश कुमारी, राखी गंगवार, विनोद कुमार, जितेंद्र गंगवार, विशेष गंगवार, अरविंद कुमार, महेंद्र गुर्जर, राज पलियाल, रुचि सैनी, पुष्पा अरुण, ऋषि पाल सिंह अनुज शर्मा, जिला महिला व्यायाम शिक्षक सोना रानी सिंह, महावीर सिंह ,रीता सिंह, रूपेंद्र सिंह, अरुण पांडे अमित कुमार, भूपेंद्र पवन कुमार, भूपेंद्र, सतेंद्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### बालिका वर्ग के परिणाम

प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग कबड्डी नवाबगंज प्रथम, फतेहगंज द्वितीय स्थान पर रहा। खो-खो में आलमपुर प्रथम, फरीदपुर द्वितीय रहा। लंबी कूद में आलमपुर की अर्चना प्रथम, मझंगवा की देवकी द्वितीय स्थान पर रही। पीटी एवं व्यायाम में नवाबगंज प्रथम, क्यारा द्वितीय स्थान पर रहा। उच्च प्राथमिक वर्ग में लंबी कूद में भोजीपुरा की अवंतिका प्रथम, फरीदपुर के हिमांशी द्वितीय स्थान पर रही। चक्का फेंक में शेरगढ़ की लता प्रथम, रामनगर की लक्ष्मी द्वितीय स्थान पर रही। गोला फेंक में आलमपुर की उषा प्रथम, शेरगढ़ की लता द्वितीय स्थान पर रही।

# सीसीएल नहीं होगी निरस्त मिलेगा अवकाश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद बरेली के प्रतिनिधि मंडल ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर शिक्षकों की समस्याओं के बारे में बातचीत की। उन्होंने कहा कि महिला शिक्षकों के सीसीएल को निरस्त किया जा रहा है, यह गलत है।

मंगलवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष प्रियंका शुक्ला के साथ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिला, और उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं को लेकर बातचीत की। उन्होंने कहा कि महिला शिक्षकों के पाल्य की बोर्ड परीक्षा के समय उपलब्ध कराए जाने के बाद भी कार्यालय द्वारा उनकी सीसीएल अवकाश को स्वीकृत किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने शिक्षकों के देय चयन वेतनमान की फाइल पर चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षकों की फाइल लंबित है जिसे जल्द ही स्वीकृत कराया जाए। प्रतिनिधि मंडल ने मृतक शिक्षकों के लंबित जीएफ एवं एरिया के विषय में का भुगतान जल्द किया जाना चाहिए। जिससे पीड़ित शिक्षकों की समस्या हाल हो सके। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि बीएसए ने ने उनकी बातें मान ली है। उनका कहना है कि अब जरुरतमंत शिक्षिकाओं की सीसीएल को निरस्त नहीं किया जाएगा। बीएसए से मुलाकात करने वालों में जिला महामंत्री सुनील कुमार शर्मा, जिला मंत्री डा. शिखा अग्रवाल, महिला उपाध्यक्ष पारुल चंद्र, अवनीश गंगवार एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### कैंसर एवं क्षयरोग की जानकारी देने को लगाया शिविर

**भमोरा,अमृत विचार :** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत कैंसर एवं क्षय रोग हेतु जन-जागरूकता एवं स्क्रीनिंग कैम्प लगाया गया। इस दौरान कैंसर व टी.बी. की रोकथाम के लिए जागरूकता गतिविधियाँ तथा कैंसर व टी.बी. के लिए लाभार्थियों की स्क्रीनिंग कर संदिग्ध मामलों को आगे की जांच और इलाज के लिए उच्च केंद्रों में भेजा जायेगा। ।कैम्प का शुभारम्भ सीएचसी भमोरा के चिकित्सा अधीक्षक डा. विवेक कुमार द्वारा किया गया। डा. मंजीत यादव, डा. रवि कुमार, डा.श्वेताम्बरी शर्मा, डा.तुलिका भारद्वाज, डा. सबा खान, आदि रहे।

**कस्तूरबा गांधी विद्यालय** | बीएसए और लेखाधिकारी की वार्डनों के साथ मंगलवार को हुई बैठक

# अफसरों की अनदेखी विद्यालयों की बदहाली के लिए जिम्मेदार

- आवासीय विद्यालय में छात्राओं को सुविधा नहीं मिलने पर धरने पर बैठने के बाद मामला है गरमाया

संवाददाता, बहेड़ी

**अमृत विचार:** कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों में छात्राओं को सुविधाएं न मिलने के पीछे एक वजह आला अफसरों की बे-रूखी भी है। वित्तीय वर्ष ख़त्म होने को है, और विद्यालयों में स्टेशनरी सप्लाई करने का टेंडर फाइनल नहीं हुआ है। वार्डन को खर्च के लिए दिया जाने वाला पैसा काफी अरसे से नहीं मिला है।भुड़िया कॉलोनी के बा स्कूल में छात्राओं को सुविधाएं न मिलने और छात्राओं के विरोध प्रदर्शन का मामला सामने आने के बाद विद्यालय स्तर की गड़बड़ी के अफसरों की अनदेखी की बातें भी उठने लगी हैं।

बरेली ज़िले में 18 करतूरबा विद्यालय संचालित हैं, जिनमें से 13 उच्चीकृत हैं। इन विद्यालयों में करीब 2500 छात्राएं शिक्षा हासिल कर रही हैं। विद्यालयों में खाद्यान्न और स्टेशनरी की सप्लाई के लिए ज़िला स्तर से टेंडर के ज़रिए सप्लायर चुनकर व्यवस्था की जाती है।जानकारों के मुताबिक चालू वित्तीय वर्ष का स्टेशनरी का टेंडर अब तक फाइनल नहीं हुआ है। ऐसे में विद्यालयों में छात्राओं के सामने स्टेशनरी की समस्या आना लाज़िमी है। इस मामले को उच्च अधिकारियों का गौर न देना भी अपने आप में सवाल खडे करने वाला है।

विद्यालयों में रख-रखाव के लिए वार्डन को आकस्मिक खर्च के लिए 30हज़ार रूपये तिमाही मिलते हैं। बताते हैं कि यह पैसा भी काफी दिन से नहीं मिला है, जिसके चलते विद्यालयों में छोटे -मोटे काम कराने में दिक्कत आ रही है। दूध -फल -सब्ज़ी के लिए उच्चीकृत विद्यालयों में 1लाख 25हज़ार रूपये मिलता है। इस पैसे को विद्यालय के लेखाकार और वार्डन खर्च करते हैं। विद्यालयों में छात्राओं के लिए मिलने वाले पैसे में भी कमीशन का खेल भी खूब चर्चा में है।कमीशन का परसेंटेज बढ़ाने को लेकर बनाए जा रहे ऊपरी दबाव की बातें कस्तूरबा से जुड़े लोगों में इस वक्त चल रही हैं। दूसरी तरफ जिन विद्यालयों में प्रभारी वार्डन हैं, वहां इस पद को चाहने वाले दूसरे टीचर से खींचतान और स्टॉफ की गुटबाज़ी का सीधा असर भी छात्राओं पर ही पड़ता है।

### बीएसए ने वार्डन से 8 बिंदुओं पर मांगा जवाब

ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने भुड़िया कॉलोनी की वार्डन को दिए नोटिस में 8 बिंदुओं पर स्पष्टीकरण माँगा है ।यह भी कहा गया है कि उन्होंने विद्यालय के घटनाक्रम से अधिकारियों को अवगत नहीं कराया गया, और न ही विद्यालय के बजट को रखरखाव पर खर्च किया गया, जबकि विद्यालय के पास पर्याप्त बजट मौजूद है। बीएसए डॉ विनीता की तरफ से प्रभारी वार्डन को दिए आरोप पत्र में कहा है कि स्टेशनरी वितरण पंजिका, वार्डन लेखाकार या किसी पूर्ण कालिक शिक्षक से प्रमाणित नहीं पाई गई ।छात्राओं ने खाने की गुणवत्ता सही न होने और दुर्व्यवहार होने की बात कही ।वार्डन के विद्यालय में अधिकांशता न रुकने की बात भी छात्राओं ने बताई ।विद्यालय के कैमरे क्रियाशील न मिलने और लेखाकार का रजिस्टर न दिखाए जाने और लेखाकार को अलमारी न उपलब्ध कराने की बात भी आरोप पत्र में दर्ज की गई है ।लेखाकार ने इस वजह से सारे अभलेख घर में रखने की बात कही। खाद्यान्न आपूर्ति का रजिस्टर न दिखाने और नए हॉस्टल में छात्राओं का निवास न होने की बात भी आरोप पत्र में दर्ज की गई है ।आरोप पत्र पर लिखित स्पष्टीकरण आज ही स्वयं उपस्थित होकर देने का निर्देश दिया गया था।

### सहायक वित्त लेखाधिकारी और बीएसए ने की वार्डनों के साथ बैठक, सामंजस्य पर जोर

सोमवार को भुड़िया कॉलोनी के बा स्कूल में सीडीओ के निरीक्षण के बाद आज सहायक वित्त लेखाधिकारी ने सभी वार्डनों को तलब किया। बताते हैं कि एक वार्डन के रुख के बाद बैठक खत्म कर दी गई। इसके बाद बीएसए ने वार्डन के साथ बैठक की। इस बैठक में वार्डनों से स्टाफ के साथ सामंजस्य बनाने और ज़्यादा सख्ती न करने की बात कही गई। इस मामले में बी एस ए और डीसी (बालिका) से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन दोनों के फोन रिसीव नहीं हुए।

# क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार


बच्चों को पुरस्क़त करते बीईओ। ● अमृत विचार

**शेरगढ़, अमृत विचार :** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालयों व कंपोजिट विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं का ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र डेलपुर में खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार भारती की अध्यक्षता में किया गया। प्रतियोगिता में ब्लाक के कक्षा 6 से 8 के विद्यालयों के विज्ञान विषय में रुचि रखने वाले निपुण छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट 10 छात्र छात्राओं को मोमेंटो व पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। उपरोक्त 10 छात्र-छात्राओं में से उत्कृष्ट पांच छात्र-छात्राओं द्वारा जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभा करेंगे। प्रतियोगिता में महिमा दीक्षित एआरपी विज्ञान, शिखा भारतीय एआरपी गणित,राजेश रस्तोगी, श्रीवती,लक्ष्मी महेश्वरी,राम किशोर शर्मा,अजय गंगवार,अनूप गंगवार, इम्तियाज हुसैन, मोहम्मदआदि रहे।

## उधार के रुपये मांगने के विवाद में मुकदमा दर्ज

**आंवला अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम गोठा खड़ुआ में उधार के रुपए मांगने को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित महेंद्र पाल पुत्र सोहनलाल ने प्रभारी निरीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 5 फरवरी की शाम करीब 6 बजे वह मोटरसाइकिल से लौट रहे थे। इसी दौरान चौधरी के दरवाजे के सामने उन्होंने अनिल पुत्र वीरपाल व वीरपाल पुत्र परमानंद से अपने 20 हजार रुपये उधार के मांगे। आरोप है कि रुपए मांगने पर विपक्षीगण गाली-गलौज करने लगे और विरोध करने पर मारपीट कर दी, जिससे महेंद्र पाल को नाक व आंख में चोटें आईं। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी झूठा मुकदमा लिखवाने व जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक के.बी. सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

